सभी परीक्षाओं में सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय उत्तर युक्त होंगे। एक प्रश्न का पूर्ण अंक 4 (चार) होगा। प्रत्येक सही उत्तर के लिए 4 (चार) अंक दिये जायेंगे तथा प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 (एक) अंक की कटौती की जायेगी। प्रश्न पत्र हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में होंगे।

16. (1)प्रारम्भिक परीक्षा :—

(i) प्रारम्भिक परीक्षा में एक पत्र सामान्य ज्ञान का होगा।

पत्र — सामान्य ज्ञान (कुल प्रश्न — 120, परीक्षा अवधि — 2 घंटा)

(क)	सामान्य अध्ययन	—	30 प्रश्न
(ख)	सामान्य विज्ञान	—	20 प्रश्न
(ग)	सामान्य गणित	—	20 प्रश्न
(घ)	मानसिक क्षमता जाँच	—	20 प्रश्न
(ङ)	झारखण्ड राज्य से संबंधित ज्ञान	—	30 प्रश्न
	कुल	—	120 प्रश्न

टिप्पणीः— इस परीक्षा में कोई न्यूनतम अर्हत्तांक नहीं होगा।

(ii)प्रारम्भिक परीक्षा का पाठ्यक्रम :—

पत्र — सामान्य ज्ञान

(क) सामान्य अध्ययनः—

इसमें प्रश्नों का उद्देश्य अभ्यर्थी की सामान्य जानकारी तथा समाज में उनके अनुप्रयोग के सम्बन्ध में उसकी योग्यता की जाँच करना होगा। वर्तमान घटनाओं और दिन—प्रतिदिन की घटनाओं के सूक्ष्म अवलोकन तथा उनके प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण जैसे मामलों की जानकारी जिसे कि किसी भी शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जाती है। इसमें झारखण्ड, भारत और पड़ोसी देशों के संबंध में विशेष रूप से यथा संभव प्रश्न पूछे जा सकते हैं। सम—सामयिक विषय, वैज्ञानिक प्रगति, राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार, भारतीय भाषाएँ, पुस्तक, लिपि, राजधानी, मुद्रा, खेल—खिलाड़ी, महत्त्वपूर्ण घटनाएँ। भारत का इतिहास, संस्कृति, भूगोल, पर्यावरण, आर्थिक परिदृश्य, स्वतंत्रता आंदोलन, भारतीय कृषि तथा प्राकृतिक संसाधनों की प्रमुख विशेषताएँ एवं भारत का संविधान एवं राज्य व्यवस्था, देश की राजनीतिक प्रणाली, पंचायती राज, सामुदायिक विकास, पंचवर्षिय योजना। झारखण्ड राज्य की भौगोलिक स्थिति एवं राजनीतिक स्थिति की सामान्य जानकारी।

(ख) सामान्य विज्ञानः—

सामान्य विज्ञान के प्रश्न में दिन—प्रतिदिन के अवलोकन एवं अनुभव पर आधारित विज्ञान की सामान्य समझ एवं परिबोध से संबंधित प्रश्न रहेंगे। जैसा कि एक सुशिक्षित व्यक्ति से जिसने किसी विज्ञान विषय का विशेष अध्ययन नहीं किया हो, अपेक्षित है।

(ग) सामान्य गणितः—

इस विषय में सामान्यतः अंक गणित, प्राथमिक बीजगणित ज्यामिति, सामान्य त्रिकोणमिति, क्षेत्रमिति से संबंधित प्रश्न रहेंगे। सामान्यतः इसमें मैट्रिक/10वीं कक्षा स्तर के प्रश्न रहेंगे।

https://www.freshersnow.com/syllabus/

(घ) मानसिक क्षमता जाँचः–

इसमें शाब्दिक एवं गैर शाब्दिक दोनो प्रकार के प्रश्न रहेंगे। इस घटक में निम्न से संबंधित यथासंभव प्रश्न पूछे जा सकते हैं – सादृश्य, समानता एवं भिन्नता, स्थान कल्पना, समस्या समाधान, विश्लेषण, दृश्य स्मृति, विभेद, अवलोकन, संबंध अवधारणा, अंक गणितीय तर्कशक्ति, अंक गणितीय संख्या श्रृंखला एवं कूट लेखन तथा कूट व्याख्या इत्यादि।

(ङ) झारखण्ड राज्य से संबंधित ज्ञानः–

झारखण्ड राज्य के भूगोल, इतिहास, सभ्यता, संस्कृति, भाषा–साहित्य, स्थान, खान खनिज, उद्योग, राष्ट्रीय आंदोलन में झारखण्ड का योगदान, विकास योजनाएँ, खेल–खिलाड़ी, व्यक्तित्त्व, नागरिक उपलब्धियाँ, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय महत्त्व के विषय इत्यादि।

16 (2).मुख्य परीक्षा :–

मुख्य परीक्षा के लिए दो पत्र होंगे। इसमें निम्न विषय रहेंगेः–

पत्र–1

<u>कम्प्यूटर ज्ञान एवं संचालन</u>

(क) संबंधित पद की सेवा नियमावली में यथा विहित कम्प्यूटर ज्ञान एवं संचालन की परीक्षा इस पत्र के अधीन ली जाएगी।

(ख) इस पत्र के अधीन Window, MS Office, Internet तथा E mail इत्यादि से बहु विकल्पीय उत्तर आधारित 50 (पचास) प्रश्न पूछे जायेंगे। परीक्षा की अवधि 1 घंटा होगी।

पत्र–2

<u>विशिष्ट विषय की परीक्षा</u>

(क) संबंधित पद की सेवा नियमावली में यथा विहित विशिष्ट विषय की परीक्षा इस पत्र के अधीन ली जाएगी।

(ख) इस पत्र के अधीन बहु विकल्पीय उत्तर आधारित 100 (एक सौ) प्रश्न पूछे जायेंगे। परीक्षा की अवधि 2 घंटा होगी।

(ग) संबंधित पद की सेवा नियमावली में यथा विहित विशिष्ट विषयों का पाठ्यक्रम **परिशिष्ट–IX** में संलग्न है।

टिप्पणीः–(1) पत्र–1 (कम्प्यूटर ज्ञान एवं संचालन) की परीक्षा में न्यूनतम अर्हत्तांक 30% (तीस प्रतिशत) होगा। न्यूनतम अर्हत्तांक से कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी नियुक्ति के लिए चयन हेतु असफल/अयोग्य माने जायेंगे तथा ऐसे अभ्यर्थियों के पत्र–2 का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा। पत्र–1 में ***प्राप्त अंक मात्र अर्हक (Qualifying) होगा, इस खण्ड में प्राप्त अंक मेधा निर्धारण के लिए नहीं जोड़ा जायेगा।***

(2) पत्र–2 में कुल प्राप्त अंकों तथा पदों के विकल्पों के आधार पर मेधा सूची का गठन किया जाएगा।

https://www.freshersnow.com/syllabus/